


**Day 1**

**पाँचवा अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव 'अंतर्नाद' का शुभारंभ**

गुरु नानक महाविद्यालय धनबाद की मेजबानी में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय पाँचवाँ अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव 'अंतर्नाद' का शुभारंभ हुआ।

उद्घाटन सत्र

प्रथम दिन 9 बजे वाच एंड वार्ड कॉलोनी, शनि देव मंदिर मैदान, हीरापुर से गुरु नानक महाविद्यालय तक सांस्कृतिक झाँकी निकाली गई। जिसमें बारह कॉलेज की टीमों ने हिस्सा लिया।

11 बजे एस. जे. एस. ग्रेवाल सभागार में उद्घाटन सत्र संपन्न हुआ। सर्वप्रथम सबद की प्रस्तुति हुई। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन एवं कुलगीत की प्रस्तुति हुई।

स्वागत भाषण डॉ. संजय प्रसाद, प्राचार्य गुरु नानक महाविद्यालय ने दिया।

मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. राम कुमार सिंह, कुलपति, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह युवा महोत्सव सभी महाविद्यालयों के छात्रों लिए एक खुला मंच है जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक है। इसलिए यह प्रत्येक महाविद्यालय का प्रयास हो कि वह इस महोत्सव में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले।

प्रो. डॉ. पवन कुमार पोद्दार, प्रति कुलपति, विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय ने अपने संबोधन में तीन दिवसीय पंचम युवा महोत्सव ‘अंतर्नाद’ को विश्वविद्यालय की धरोहर कहां जिसे संरक्षित करना और पुष्पित और पल्लवित करना हमारा परम कर्तव्य है। यहां प्रदर्शन करने के बाद विश्वविद्यालय की एक सशक्त टीम ईस्ट जोन युवा महोत्सव में शिरकत करेगी और उसमें बेहतर प्रदर्शन करने के पश्चात अपने विश्वविद्यालय का नाम शीर्ष पर अंकित करेगी।

सरदार आर.एस.चहल, अध्यक्ष शासी निकाय, गुरु नानक महाविद्यालय धनबाद ने अपने संबोधन में पंचम युवा महोत्सव अंतर्नाद के इस भव्य शुभारंभ की भूरि- भूरि प्रशंसा की तथा सफलता की शुभकामनाएं दी।

डॉ. पुष्पा कुमारी, डी.एस.डब्ल्यू, बि.बि.म.विवि. ने अपने संबोधन युवा महोत्सव को कला और प्रतिभा का उत्सव कहा जहाँ कला रूपी नगीने को तरासा जाता है। यहां से निकल कर छात्र देश के विविध कोनों में अपना परचम लहराते हैं।

तत्पश्चात पंचम अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव 'अंतर्नाद' स्मारिका का विमोचन कुलपति एवं गणमान्य सदस्यों के कर कमलों से विमोचित किया गया।

सिमरन छाबड़ा ने गणेश वंदना की प्रस्तुति दी साथ ही महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वार झारखंडी लोकनृत्य की रंगा-रंग प्रस्तुति हुई।

कार्यक्रम का समापन आयोजक समिति के सचिव दीपक कुमार के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

मंच संचालन डॉ. वर्षा सिंह एवं प्रोफेसर सिमरन श्रीवास्तव के द्वारा किया गया।

उद्घाटन सत्र की समाप्ति के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन 1.ग्रुप सोंग (इंडियन)

2. मिमिक्री

3. माइम

4. ग्रुप सॉन्ग (वेस्टर्न)

5. वेस्टर्न वोकल सोलो

6. वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट सोलो

7. ऑन द स्पॉट पेंटिंग

8. पोस्टर मेकिंग

9. क्ले मॉडलिंग

10. मेहंदी

11. क्विज़ प्रिलिमनरी राउंड/ टेस्ट राउंड

12. क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट सोलो (प्रीक्यूशन)

13. क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट सोलो ( नॉन-प्रीक्यूशन) कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। कुल 15 कॉलेज की टीमों से लगभग 350 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।


बिनोद बिहारी महतो कोयलाँचल विश्वविद्यालय ,धनबाद
5 वाँ अंतर - महाविद्यालय युवा महोत्सव
आयोजक
गुरू नानक कॉलेज
धनबाद


बिनोद बिहारी महतो कोयलाँचल विश्वविद्यालय ,धनबाद
5 वाँ अंतर - महाविद्यालय युवा महोत्सव
अंतर्नाद-2024
आयोजक
गुरू नानक कॉलेज
धनबाद


22 दिसंबर 2024 तक
आयोजक
गुरू नानक कॉलेज
धनबाद


बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय ,धनबाद
5 वाँ अंतर - महाविद्यालय युवा महोत्सव
20 दिसंबर से
22 दिसंबर 2024 तक
आयोजक
गुरु नानक कॉलेज
धनबाद


बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय ,धनबाद
आयोजक
गुरु नानक कॉलेज
धनबाद


बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय ,धनबाद
5 वाँ अंतर - महाविद्यालय युवा महोत्सव
आयोजक




बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद
गुरुनानक कॉलेज, धनबाद




INDIA
OFFICIAL


GURUNANAK COLLEGE, DHANBAD


बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय ,धनबाद
5 वाँ अंतर - महाविद्यालय युवा महोत्सव
20 दिसंबर से
22 दिसंबर 2024 तक
अंतर्नाद-2024
आयोजक
गुरू नानक कॉलेज
धनबाद








5 वाँ अंतर
दिसंबर से
दिसंबर 2024
अंत




बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय ,धनबाद
5 वाँ अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव


बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय ,धनबाद
5 वाँ अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव
आयोजक
गुरू नानक कॉलेज
धनबाद


बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय ,धनबाद
5 वाँ अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव
अंतर्नाद-2024
आयोजक
गुरू नानक कॉलेज
धनबाद


20 दिसंबर से
22 दिसंबर 2024 तक



# 12 कॉलेजों ने निकाली सांस्कृतिक झांकी, इवेंट में विवि के 70 में महज 15 कॉलेजों की टीमें शामिल

एजुकेशन रिपोर्टर | धनबाद

बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय का 5वां तीन दिवसीय इंटर कॉलेज युवा महोत्सव अंतर्नाद 2024 शुक्रवार से गुरु नानक कॉलेज धनबाद में शुरू हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि विवि के कुलपति डॉ राम कुमार सिंह सहित अन्य ने की। कहा कि सभी कालेज को इस महोत्सव में भाग लेना चाहिए। यह तभी संभव है जब प्रचार्य इस कार्यक्रम के लिए समय निकालें। इससे विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ेगा। आईआईटी जैसे संस्थानों में युवा महोत्सव में शामिल होना अनिवार्य है। यहां भी ऐसा होना चाहिए। ऐसे कार्यक्रम में प्रतिभागिता को गंभीरता से लिया जाएगा और जल्द ही विवि इस पर आदेश जारी करेगा। विवि के अधीन 70 कालेजों में से महज कुछ ने ही भाग लिया है। विवि में पैसों की कमी नहीं है। गुरु की जिम्मेवारी है कि वे युवाओं की कमियां दूर करें। इस दौरान सिमरन छावड़ा ने गणेश वंदना प्रस्तुति की। छात्र-छात्राओं ने झारखंडी लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। डीएसडब्ल्यू डॉ पुष्पा कुमारी, कॉलेज के शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आरएस चहल, प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद, आयोजक समिति के सचिव दीपक कुमार, डॉ. वर्षा सिंह, प्रो सिमरन श्रीवास्तव आदि मौजूद थीं।

### जन्म से मृत्यु तक रग-रग में बसा है संगीत, तनावमुक्त रहकर अच्छा करेंगे

महोत्सव को विनोबा भावे विवि हजारीबाग के प्रभारी कुलपति और बीबीएमकेयू के प्रति कुलपति डॉ पवन कुमार पोद्दार ने संबोधित किया। कहा कि महोत्सव के बाद विवि की एक सशक्त टीम ईस्ट जोन युवा महोत्सव में शिरकत करेगी। वहां बेहतर प्रदर्शन के बाद अपने विवि का नाम शीर्ष पर अंकित होगा। उन्होंने कहा कि जन्म से मृत्यु तक संगीत रग-रग में बसा है। युवा महोत्सव में भाग लेने का मतलब कॉलेज भाग लेना निकाल रहे हैं। युवा तनाव मुक्त रहेंगे तो बेहतर भविष्य बना सकेंगे। विवि में तय किया जाए कि अगले साल से कॉलेज की उपस्थिति अनिवार्य हो।

### पहले दिन हुए 13 इवेंट, निकाली सांस्कृतिक झांकी

पहले दिन शुक्रवार को 13 इवेंट में ग्रुप सांग (इंडियन), मिमिक्री, माइम, ग्रुप सांग (वेस्टर्न), वेस्टर्न वोकल सोलो, वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट सोलो, ऑन दं स्पॉट पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, मेहंदी, क्विज प्रिलिमिनरी राउंड/ टेस्ट राउंड, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट सोलो (प्रीक्यूशन), क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट सोलो ( नॉन-प्रीक्यूशन) थे। विभिन्न इवेंट में 15 कॉलेजों के 350 से अधिक टीमों में भाग लिया। महोत्सव की शुरुआत से पहले वाच एंड वार्ड कॉलोनी के शनि देव मंदिर मैदान से लेकर कॉलेज तक सांस्कृतिक झांकी निकाली गई। गुरु नानक कॉलेज की टीम ने बिरसा मुंडा के 150वें जन्म दिवस को ध्यान में रखते हुए झारखंड की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक धरोहर को सामने लाया। इसमें महिलाओं को तसर सिल्क का काम करते हुए तो दूसरी ओर देवघर का विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के पर्यटन को दर्शाया। झांकी में 12 कॉलेजों की टीमों ने हिस्सा लिया।

### एसोसिएट प्रोफेसर या प्रोफेसर बन सकेंगे सहायक प्राध्यापक

कुलपति डॉ राम कुमार सिंह ने कहा कि युवा महोत्सव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक है। हर कॉलेज का प्रयास हो कि उनके विद्यार्थी इसमें हिस्सा लें। कहा कि झारखंड लोक सेवा के माध्यम से विवि के पदों को भरा जाना है। यह एपीआई आधारित होगा। इसे पूरा करना जरूरी है। कुछ लोग 2008 से सहायक प्राध्यापक हैं। अब वे सीधे तौर पर एसोसिएट प्रोफेसर या प्रोफेसर बन सकते हैं। उन्हें सारे प्रविधान पूरे करने होंगे।

**Day 2**

**पाँचवाँ अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव 'अंतर्नाद'**

गुरु नानक महाविद्यालय, धनबाद की मेजबानी में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय पंचम अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव 'अंतर्नाद' में दूसरे दिन विविध कार्यक्रम संपन्न हुए।

दूसरे दिन मुख्य मंच से लाईट वोकल इंडियन, क्लासिकल वोकल सोलो, स्किट, वन एक्ट की प्रतियोगिता संपन्न हुयें।

स्किट में कुल सात प्रतिभागी रहें।

गुरु नानक महाविद्यालय - ने 'अनाचार-अनीति शीर्षक से स्कीट की प्रस्तुति दी, जिसका मुख्य उद्देश्य यातायात में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करना था। यातायात व्यवस्था पर पूँजीपतियों के आधिपत्य से निम्न वर्ग एवं उच्च वर्ग में भेदभाव व्याप्त हो जाता है। जन-सामान्य को नुकसान पहुँचता है।

पी. के. आर. एम. महाविद्यालय ने 'यम्मा यम्मा' शीर्षक हास्य व्यंग्य नाटक की प्रस्तुति दी। इसमें काल्पनिक यमलोक के माध्यम से साक्षरता की समस्या पर प्रहार किया गया है।

एस. एस. एल. एन. टी. महाविद्यालय ने 'आत्माओं की अदालत' शीर्षक से युवाओं के भटकाव को दर्शाया गया।

बोकारो स्टील सिटी कॉलेज ने वृद्ध-विमर्श की समस्या को उजागर किया।लाईट वोकल इंडियन में आठ प्रतिभागी, क्लासिकल वोकल सोलो में पाँच प्रस्तुतियाँ हुईं।

वन एक्ट में चार कॉलेज ने हिस्सा लिया जिसमें समाज की विविध समस्याओं को दर्शाया गया। जैसे- वन एक्ट प्ले में गुरु नानक महाविद्यालय धनबाद ने 'आखिर कब तक?' शीर्षक के माध्यम से राजस्थानी परिवार की सच्ची कहानी को दर्शाया। नाटक में फ़्लैश बैंक तकनीक का उपयोग किया गया है। एकांकी में रूप कंवर के संघर्ष और उसकी मनोदशा को दिखाया गया। वह इस निर्दय प्रथा के खिलाफ लड़ने की कोशिश करती है। इस एकांकी के माध्यम से महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए लड़ने का संदेश मिलता है।

पी. के. आर. एम. महाविद्यालय ने 'मैं सिर्फ देह नहीं' शीर्षक एकांकी के माध्यम से पौराणिक स्त्री पात्रों के माध्यम स्त्री विमर्श की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया।

स्किट और वन एक्ट में श्री राजीव कुमार, श्री राजेंद्र प्रसाद और श्री कमलेश पांडे जी बतौर निर्णायक(जज) की भूमिका में रहे।

द्वितीय मंच पर एलक्युशन और डिबेट सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें विविध विद्यालयों से डिबेट में आठ और एल्युकेशन में आठ कॉलेज ने हिस्सा लिया।

तृतीय मंच पर रंगोली और इंस्टॉलेशन जैसे कार्यक्रम संपन्न हुआ।

चतुर्थ मंच पर कोलाज, कार्टूनिंग एवं स्पॉट फोटोग्राफी की प्रतियोगिता सफलता पूर्वक संपन्न हुयें।

दूसरे दिन के इस भव्य रंगारंग कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के साथ- साथ विविध महाविद्यालयों से गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। विश्वविद्यालय से आर्ट एंड कल्चर बोर्ड के सदस्य एवं विविध पोस्ट ग्रेजुएट विभागों से उनके अध्यक्ष एवं प्राध्यापाक उपस्थित रहे। विविध महाविद्यालय से उनके प्राचार्य एवं टीम मैनेजर की महती उपस्थिति रही।

गुरु नानक कॉलेज के शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आर. एस चहल की गरिमामयी उपस्थिति रही। दूसरे दिन का संपूर्ण कार्यक्रम मेजबान महाविद्यालय के आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ संजय प्रसाद और आयोजन सचिव प्रो. दीपक कुमार के साथ - साथ समस्त आयोजन समिति के सदस्यों के अथक सहयोग से कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

मंच संचालन प्रो.डॉ वर्षा सिंह, प्रो. पुष्पा तिवारी, प्रो.सिमरन श्रीवास्तव और प्रो. सिमरन छाबड़ा ने संभाला।


बिनोद बिहारी महतो कोयलाँचल विश्वविद्यालय ,धनबाद
5 वाँ अंतर - महाविद्यालय युवा महोत्सव
20 दिसंबर से
22 दिसंबर 2024 तक
अंतर्नाद-2024
आयोजक
गुरू नानक कॉलेज
धनबाद


5 वाँ अंतर - महाविद्यालय युवा महोत्सव
20 दिसंबर से
22 दिसंबर 2024 तक
अंतर्नाद-2024
आयोजक
धनबाद




बिनोद बिहारी महतो


बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल




बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय ,धनबाद
5 वाँ अंतर - महाविद्यालय युवा महोत्सव
20 दिसंबर से
22 दिसंबर 2024 तक
अंतर्नाद-2024
आयोजक
गुरू नानक कॉलेज
धनबाद


बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय ,धनबाद
5 वाँ अंतर - महाविद्यालय युवा महोत्सव
20 दिसंबर से
22 दिसंबर 2024 तक
आयोजक


5 वाँ अंतर - महाविद्यालय युवा महोत्सव
20 दिसंबर से
अंतर्नाद-2024
आयोजक
धनबाद




5 वीं अंतर - महाविद्यालय युवा महोत्सव


बिनोद बिहारी महतो कोयलाँचल विश्वविद्यालय ,धनबाद
5 वाँ अंतर - महाविद्यालय युवा महोत्सव


बिनोद बिहारी महतो कोयलाँचल विश्वविद्यालय ,धनबाद
5 वाँ अंतर - महाविद्यालय युवा महोत्सव
20 दिसंबर से
22 दिसंबर 2024 तक
आयोजक

**Day 3**

**पंचम अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव 'अंतर्नाद' का रंगा- रंग समापन**

गुरु नानक महाविद्यालय धनबाद की मेजबानी में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय पंचम अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव 'अंतर्नाद' में तीसरे दिन क्लासिकल डांस सोलो, क्विज फाइनल एवं फोक ट्राइबल डांस इंवेट संपन्न हुए।

क्लासिकल डांस सोलो इवेंट में कुल पाँच कॉलेज के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

क्विज के अंतिम मुकाबले में बी.एस.सिटी कॉलेज, गुरु नानक महाविद्यालय, पी.जी. डिपार्टमेंट, आर. एस.पी. कॉलेज एवं एस. एस. एल. एन. टी. महिला महाविद्यालय ने भाग लिया। क्विज के जज आई.आई. टी. आई. एस. एम. धनबाद से निशांत कुमार एवं सोनू कुमार थे। कुल पाँच राउंड हुए। क्विज में गुरु नानक महाविद्यालय प्रथम स्थान, पी.जी. डिपार्टमेंट विश्वविद्यालय ने द्वितीय एवं आर. एस. पी. कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

फोक डांस समूह इंवेट में कुल दस कॉलेज के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

कतरास कॉलेज ने लोकनृत्य के माध्यम से झारखंड की संस्कृति, प्राकृतिक सौंदर्य - सुरम्य पहाड़, बहती नदियाँ एवं सांस्कृतिक विविधता को दर्शाया।

गुरु नानक महाविद्यालय ने हरियाणवी लोकनृत्य के माध्यम से कृषि-संस्कृति की पारंपरिकता, फसलों की विविधता एवं कृषि परंपरा की जीवंतता का मनहर-रूप प्रस्तुत किया।

एस. एस. एल. एन. टी. महाविद्यालय ने डांगी नृत्य प्रस्तुत किया। डांगी नृत्य आदिवासी संस्कृति को एक श्रद्धांजलि है जिसे संरक्षित रखना आदिवासियों का परंपरा है।

फॉक डांस समूह के जज प्रगति चौधरी, सागरिका चौधरी एवं सुमित केशरी थे।

**पुरस्कार वितरण एवं समापन सत्र**

समापन सत्र में उपस्थित सभी गणमान्य सुधिजनों का स्वागत एवं अभिनंदन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय प्रसाद के द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में पंचम युवा महोत्सव अंतर्नाद के उद्देश्य की सार्थकता को पूर्ण होता कहा। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. राम कुमार सिंह, कुलपति, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह युवा महोत्सव सभी महाविद्यालयों के छात्रों लिए एक खुला मंच है जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक है। छात्र यहाँ से ज्ञान प्राप्त कर अपने महाविद्यालय और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

डॉ. पुष्पा कुमारी, डी.एस.डब्ल्यू, बि.बि.म.विवि. ने अपने संबोधन तीन दिवसीय युवा महोत्सव अंतर्नाद की भूरि- भूरि प्रशंसा कर आयोजन समिति को खूब बधाई दी और यहां से चयनित छात्रों को ईस्ट जोन में उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करने की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

गुरु नानक कॉलेज के शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आर. एस चहल की गरिमामयी उपस्थिति रही।उन्होंने अपने संबोधन में सभी कॉलेज के प्रतिभागियों को शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई दी कि वह अपने व्यक्तित्व का चौमुखी विकास कर सकें। इस तीन दिवसीय युवा महोत्सव अंतर्नाद का रंगारंग कार्यक्रम का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ जिसमें एसएसएलएनटी महाविद्यालय उपविजेता और गुरु नानक कॉलेज धनबाद को विजेता की ट्रॉफी से नवाजा गया।

कार्यक्रम मेजबान महाविद्यालय के आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ संजय प्रसाद और आयोजन सचिव प्रो. दीपक कुमार के साथ - साथ समस्त आयोजन समिति के सदस्यों के अथक सहयोग से कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का समापन आयोजन समिति के सचिव दीपक कुमार के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

मंच संचालन प्रो.डॉ वर्षा सिंह, प्रो. पुष्पा तिवारी ने संभाला।

समापन समारोह तथा पुरस्कार वितरण के साथ ही तीन दिवसीय युवा महोत्सव का समापन हुआ।










5 वाँ अंतर - महाविद्यालय युवा


20 दिसंबर से
22 दिसंबर 2024 तक
आयोजक
गुरू नानक कॉलेज
धनबाद


बिनोद बिहारी महतो कोयलाँचल विश्वविद्यालय ,धनबाद
5 वाँ अंतर - महाविद्यालय युवा महोत्सव
20 दिसंबर से
22 दिसंबर 2024 तक
अंतर्नाद-2024
आयोजक
गुरू नानक कॉलेज








दैनिक भास्कर धनबाद 23-12-2024



बीबीएमकेयू 5वां इंटर कॉलेज युवा महोत्सव • 3 दिवसीय समारोह पुरस्कार वितरण के साथ समाप्त, विजयी छात्र-छात्राएं ईस्ट जोन महोत्सव में भाग लेंगे

# जीएन कॉलेज विजेता व एसएसएलएनटी बना उप विजेता

एजुकेशन रिपोर्टर | धनबाद

गुरु नानक कॉलेज, धनबाद में चल रहा बीबीएमकेयू का 3 दिवसीय 5वां इंटर कॉलेज युवा महोत्सव अंतर्नाद रविवार को संपन्न हो गया। इसमें गुरु नानक कॉलेज धनबाद को विजेता और एसएसएलएनटी महिला कॉलेज को उप विजेता घोषित किया गया। विवि के कुलपति डॉ. राम कुमार सिंह ने कहा कि यह युवा महोत्सव सभी महाविद्यालयों के छात्रों लिए एक खुला मंच है जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक है। छात्र यहां से ज्ञान प्राप्त कर अपने महाविद्यालय और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। डीएसडब्ल्यू डॉ. पुष्पा कुमारी ने कहा कि यहां से चयनित छात्र-छात्राएं ईस्ट जोन के युवा महोत्सव में जाएंगे। आशा है कि में उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। मौके पर गुरु नानक कॉलेज के शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आरएस चहल, आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. संजय प्रसाद, आयोजन सचिव प्रो. दीपक कुमार, डॉ. वर्षा सिंह, प्रो. पुष्पा तिवारी आदि मौजूद थीं। सभी ने विभिन्न कॉलेजों की टीम की हौसला अफजाई की।



5वां अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव में नृत्य प्रस्तुत करतीं छात्राएं।



5वां अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव की विजेता जीएन कॉलेज टीम व कॉलेज पदाधिकारी।

## अंतिम दिन क्लासिकल सोलो, क्विज फाइनल व फोक ट्राइबल डांस के इवेंट आयोजित हुए

महोत्सव में तीसरे दिन रविवार को क्लासिकल डांस सोलो, क्विज फाइनल और फोक ट्राइबल डांस के इवेंट हुए। क्लासिकल डांस सोलो में कुल 5 कॉलेजों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। वहीं क्विज के अंतिम मुकाबले में बीएस सिटी कॉलेज, गुरु नानक महाविद्यालय, पीजी डिपार्टमेंट, आरएसपी कॉलेज एवं एसएसएलएनटी महिला कॉलेज ने भाग लिया। क्विज के जज आईआईटी आईएसएम धनबाद से निशांत कुमार एवं सोनू कुमार थे। कुल 5 राउंड हुए। क्विज में गुरु नानक महाविद्यालय प्रथम स्थान, पीजी डिपार्टमेंट विश्वविद्यालय द्वितीय एवं आरएसपी कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## अंगीभूत कॉलेज में ही हों युवा महोत्सव जैसे आयोजन

आजसू छात्र संघ ने विभिन्न इवेंट में हुए निर्णयों पर सवाल उठाया है। छात्र नेता विशाल महतो ने कहा कि यूथ फेस्टिवल विश्वविद्यालय के किसी अंगीभूत महाविद्यालय में होना चाहिए था। जीएन कॉलेज ने निर्णायकों पर विश्वविद्यालय से स्वीकृति नहीं ली थी। यह गंभीर मामला है क्योंकि यूथ फेस्ट के निर्णयों में विद्यार्थियों के साथ नाइंसाफी देखने को मिली है। विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिता के लिए योग्य जज नहीं थे। विश्वविद्यालय प्रशासन से आग्रह होगा कि अगली बार किसी तटस्थ अंगीभूत महाविद्यालय में ही यूथ फेस्टिवल का आयोजन किया जाए।



## फोक डांस कंपटीशन में 10 कॉलेजों की टीमों ने लिया भाग

फोक डांस समूह इवेंट में कुल 10 कॉलेज के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कतरास कॉलेज ने लोकनृत्य के माध्यम से झारखंड की संस्कृति, प्राकृतिक सौंदर्य, सुरम्य पहाड़, बहती नदियां एवं सांस्कृतिक विविधता को दर्शाया। गुरु नानक महाविद्यालय ने हरियाणवी लोकनृत्य के माध्यम से कृषि-संस्कृति की पारंपरिकता, फसलों की विविधता एवं कृषि परंपरा की जीवंतता का मनोहर रूप प्रस्तुत किया। एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय ने डांगी नृत्य प्रस्तुत किया। डांगी नृत्य आदिवासी संस्कृति को एक श्रद्धांजलि है जिसे संरक्षित रखना आदिवासियों की परंपरा है। फोक डांस समूह के जज प्रगति चौधरी, सागरिका चौधरी एवं सुमित केशरी थे।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 3rd | | PG Deptt |
| | | | | |
| 5 | Western Vocal Solo | 1st | Amaan Ali Khan | Guru Nanak College |
| | | 2nd | Shreya Ray | Ravi Mahto Smarak Teachers Training College |
| | | 3rd | Nidhi Kumari | BSS |
| | | | | |
| 6 | Western Instrumental Solo | 1st | Aritra Kumar | |
| | | 2nd | Aditya Kumar | |
| | | 3rd | Raj Kumar Verma | |
| | | | | |
| 7 | On the Spot Painting | 1st | Bidyut Mondal | PKRM |
| | | 2nd | Ankit Kumar | PG Deptt. |
| | | 3rd | Ayushi Rani | Guru Nanak College |
| | | | | |
| 8 | Poster Making | 1st | Ankit Kumar | PG Deptt |
| | | 2nd | Ayushi Rani | Guru Nanak College |
| | | 3rd | Nisha Kumari | SSLNT |
| | | | | |
| 9 | Clay Modeling | 1st | Khushi Kumari | PG Deptt. |
| | | 2nd | Sachin Kumar Paswan | PKRM |
| | | 3rd | Soma Kumari | SSLNT |
| | | | | |
| 10 | Mehendi | 1st | Madhu Dey | Sindri College |
| | | 2nd | Gouri Kumari | PG Deptt. BBMKU |
| | | 3rd | Rani Khatoon | SSLNT |
| | | | | |
| 11 | Classical Instrumental Solo (Percussion) | 1st | Reshma Kumari | SSLNT |
| | | 2nd | Aditya Kumar | Guru Nanak College |
| | | 3rd | Somnath Chatterjee | B.S City |
| | | | | |
| 12 | Classical Instrumental Solo (Non-Percussion) | 1st | Aditya Kumar | PG Deptt |
| | | 2nd | Rohit Kumar | Guru Nanak College |
| | | 3rd | Reshma Kumari | SSLNT |
| | | | | |
| 13 | Light Vocal Indian | 1st | Shrishty Mishra | BSS Mahila Mahavidyalaya |
| | | 2nd | Soma Mishra | SSLNT |
| | | 3rd | Srishty Goswami | Guru Nanak College |
| | | | | |
| 14 | Classical Vocal Solo | 1st | Shrishti Mishra | BSS |
| | | 2nd | Soma Tiwari | SSLNT |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 3rd | Rohit Kumar | Guru Nanak College |
| | | | | |
| 15 | Skit | 1st | | Guru Nanak College |
| | | 2nd | | PKRM |
| | | 3rd | | SSLNT |
| | | | | |
| 16 | One Act | 1st | | Guru Nanak College |
| | | 2nd | | PKRM |
| | | 3rd | | Law College |
| | | | | |
| 17 | Elocution | 1st | Riya Gupta | Guru Nanak College |
| | | 2nd | Raj Priya Singh | SSLNT |
| | | 3rd | Deepali Kumari | B.S.City College |
| | | | | |
| 18 | Debate | 1st | Priyasha Pal | Guru Nanak College |
| | | | Riya Gupta | |
| | | 2nd | Raj Priya Singh | SSLNT |
| | | | Rishi Ranjan | |
| | | 3rd | Tanu Gupta | R.S.More, Govindpur |
| | | | Nikhil Rawani | |
| | | | | |
| 19 | Rangoli | 1st | Manju Kumari | SSLNT |
| | | 2nd | Tanushree | PG Deptt. BBMKU |
| | | 3rd | Kajal Mahato | RSP College |
| | | | | |
| 20 | Installation | 1st | | Guru Nanak College |
| | | 2nd | | PKRM |
| | | 3rd | | SSLNT |
| | | | | |
| 21 | Collage | 1st | Rohit Kumar | PG Deptt. BBMKU |
| | | 2nd | Nisha Kumari | SSLNT |
| | | 3rd | Dhiraj Nonia | Guru Nanak College |
| | | | | |
| 22 | Cartooning | 1st | | BBMKU |
| | | 2nd | | SSLNT |
| | | 3rd | | Guru Nanak College |
| | | | | |
| 23 | Spot Photography | 1st | Payal Kumari | PKRM |
| | | 2nd | Sunny Kumar | BBMKU |
| | | 3rd | Soma Kumari | SSLNT |
| | | | | |
| 24 | Classical Dance Solo | 1st | | Guru Nanak College |
| | | 2nd | | PG. Deptt. BBMKU |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 3rd | | PKRM |
| | | | | |
| 25 | Quiz | 1st | | Guru Nanak College |
| | | 2nd | | PG Deptt. BBMKU |
| | | 3rd | | R.S.P Jharia |
| | | | | |
| 26 | Folk/Tribal Dance | 1st | | Guru Nanak College |
| | | 2nd | | SSLNT |
| | | 3rd | | PKRM |
| | | | | |
| 27 | Procession | 1st | | Guru Nanak College |
| | | 2nd | | SSLNT |
| | | 3rd | | R.S. MORE |

ORGANISING SECRETARY

**पंचम अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव 'अंतर्नाद' में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।**

गुरु नानक कॉलेज, धनबाद की मेजबानी में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय पंचम अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव 'अंतर्नाद' सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें गुरु नानक कॉलेज धनबाद विजेता और एसएसएलएनटी महाविद्यालय उप विजेता रहा। आज दिनांक 24 दिसंबर 2024 को बरमसिया कैंपस में महाविद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी विजेता प्रतिभागियों को शासी निकाय की अध्यक्षता में सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्रबंधन की ओर से शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आर . एस चहल ने सभी छात्रों को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य साथ- साथ जीवन में आगे भी ऐसी सफलता प्राप्त कर महाविद्यालय, परिवार और समाज का नाम चिराग की भांति रोशन करते रहने की शुभकामनाएं दी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय प्रसाद ने अपने संबोधन में छात्रों की विजय पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उनकी भूरि- भूरि प्रशंसा की। इस विराट विजय का श्रेय आयोजन समिति के सदस्यों के अथक परिश्रम को दिया जिसमें प्रो. संजय सिन्हा, प्रो. संतोष कुमार, प्रो. नीता ओझा, प्रो. डॉ वर्षा सिंह,प्रो. दलजीत सिंह,प्रो. साधना सिंह, प्रो. सोनू प्रसाद यादव, प्रो. पीयूष अग्रवाल,प्रो. स्नेहल गोस्वामी, प्रो. प्रो. पुष्पा तिवारी, प्रो. उदय सिन्हा, प्रो. अभिषेक सिन्हा, प्रो. अर्णब सरखेल, प्रो. एकता श्रीवास्तव, प्रो. कौशिक, प्रो. घनिष्ठा वर्मा, प्रो. सुरभि कश्यप, आदि। पूरे महाविद्यालय में छात्रों की चहल-पहल से उत्साह पूर्ण वातावरण बना रहा। मौके पर महाविद्यालय के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. अमरजीत सिंह (भूदा कैंपस) और प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. रंजना दास, आयोजन सचिव प्रो. दीपक कुमार, क्रिएटिविटी हेड डॉ. मीना मालखंडी समेत अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी में कैप्टन संजय सिंह, श्री रंजीत मिश्रा, श्री नरेंद्र सिंह, श्री पंकज आदि उपस्थित रहे।




दैनिक भास्कर

## न्यूज ब्रीफ

# बीबीएमकेयू : युवा महोत्सव के विजेताओं को गुरु नानक कॉलेज ने सम्मानित किया

धनबाद | बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के 5वें इंटर कॉलेज युवा महोत्सव अंतर्नाद 2024 के विजेताओं को मंगलवार को सम्मानित किया गया। गुरु नानक कॉलेज, धनबाद ने अपने सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आरएस चहल ने कहा कि विद्यार्थी आगे भी समाज का नाम रोशन करते रहें। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय प्रसाद, प्रो. संजय सिन्हा, प्रो. संतोष कुमार, प्रो. नीता ओझा, प्रो. डॉ वर्षा सिंह, प्रो. दलजीत सिंह,प्रो. साधना सिंह आदि थीं।

# Guru Nanak College, Dhanbad

## Binod Bihari Mahto Koyalanchal University, Dhanbad

## 5th Inter College Youth Festival "Antarnad 2024"

## Date: 20th Dec - 22nd Dec, 2024

## Result

| Sl.No. | Event Name | Participated | Gold | Silver | Bronze |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Jhaki | ✓ | ✓ | | |
| **2** | **Music** | | | | |
| | (a) Classical Vocal Solo (Hindustani or karnatak) | ✓ | | | ✓ |
| | (b) Classical Instrumental Solo (Percussion) | ✓ | | ✓ | |
| | (c) Classical Instrumental Solo (Non-Percussion) | ✓ | | ✓ | |
| | (d) Light Vocal (Indian) | ✓ | | | ✓ |
| | (e) Western Vocal (Solo) | ✓ | ✓ | | |
| | (f) Group Song (Indian) | ✓ | ✓ | | |
| | (g) Group Song (Western) | ✓ | ✓ | | |
| | (h) Western Instrumental (Solo) | ✓ | | | |
| **3** | **Dance** | | | | |
| | (a) Folk/ Tribal Dance | ✓ | ✓ | | |
| | (b) Classical Dance | ✓ | ✓ | | |
| **4** | **Literary Events** | | | | |
| | (a) Quiz | ✓ | ✓ | | |
| | (b) Elocution | ✓ | ✓ | | |
| | (c) Debate | ✓ | ✓ | | |
| **5** | **Theatre** | | | | |
| | (a) One Act Play | ✓ | ✓ | | |
| | (b) Skit | ✓ | ✓ | | |
| | (c) Mime | ✓ | ✓ | | |
| | (d) Mimicry | ✓ | ✓ | | |
| **6** | **Fine Arts** | | | | |
| | (a) On the Spot Painting | ✓ | | | ✓ |
| | (b) Collage | ✓ | | | ✓ |
| | (c) Poster Making | ✓ | | ✓ | |
| | (d) Clay Modeling | ✓ | | | |
| | (e) Cartooning | ✓ | | | ✓ |
| | (f) Rangoli | ✓ | | | |
| | (g) Spot Photography | ✓ | | | |
| | (h) Installation | ✓ | ✓ | | |
| | (i) Mehendi | ✓ | | | |
| | **Total Events** | **27** | **14** | **3** | **5** |

# Guru Nanak College, Dhanbad

## Binod Bihari Mahto Koyalanchal University, Dhanbad

## 5th Inter College Youth Festival "Antarnad 2024"

## Date: 20th Dec - 22nd Dec, 2024

## List of Events and Participants

| S.No. | Participant | Events |
|---|---|---|
| 1 | Shreya Pandey | One Act, Folk Dance, Skit |
| 2 | Taniya Kumari | One Act, Folk Dance, Mimicry |
| 3 | Rohit Kumar Rajak | One Act, Skit |
| 4 | Priyojit Modak | One Act, Skit |
| 5 | Jiya Sinha | Group Song Indian, Group Song Western |
| 6 | Sana khan | Group Song Western |
| 7 | Dipshikha Das | One Act, Folk Dance, Mime |
| 8 | Srishti Goswami | Group Song Indian, Group Song Western, Light vocal Solo |
| 9 | Praveen Kumar Yadav | One Act, Skit |
| 10 | Aquib Alam | One Act, Installation |
| 11 | Purnima Kumari | Group Song Indian, Group Song Western |
| 12 | Amaan Ali Khan | Group Song Indian, Group Song Western, Western vocal Solo |
| 13 | Md. Ahsan Qureen Hussain | Quiz |
| 14 | Amisha Kumari | One Act, Folk Dance, Mime |
| 15 | Komal Kumari | Folk Dance, Mime, Skit |
| 16 | Tanya Gupta | Mime, Folk Dance |
| 17 | Anjuman Gaurav | Skit |
| 18 | Riya Gupta | Debate, Quiz, Elocution |
| 19 | Ujjwal Kumar Mali | One Act |
| 20 | Mayank Tomar | Quiz |
| 21 | Sneha Kumari | Group Song Indian, Group Song Western |
| 22 | Kriti Gupta | Folk Dance, Mime |
| 23 | Aditya Kumar | Classical Instrumental Solo Percussion, Western Instrumental Solo |
| 24 | Archi Arya | Folk Dance, Mime |
| 25 | Kumud  Kumari | Classical Dance Solo, Folk Dance |
| 26 | Smrity Goswami | Clay Modeling, Installation |
| 27 | Pushpa Kumari | Group Song Indian |
| 28 | Rohit Kumar | Hindustani Classical Vocal Solo |
| 29 | Sameer Malakar | On Spot Photography |
| 30 | Ayushi Rani | On the Spot Painting, Poster Making, Installation |
| 31 | Hema Chauhan | Cartooning |
| 32 | Ankit Kumar Bhagat | Mehendi |
| 33 | Priyasha Pal | Debate |
| 34 | Bharti Kumari Singh | Rangoli |

| | | |
|---|---|---|
| 35 | Kusum Kumari | Cultural Procession |
| 36 | Nikita Kumari | Cultural Procession |
| 37 | Shahjhan Parween | Cultural Procession |
| 38 | Riya Kumari | Cultural Procession |
| 39 | Saksham Rajan | Cultural Procession |
| 40 | Amrit Kant Yadav | Cultural Procession |
| 41 | Dhiraj Nonia | Collage, Installation |

| Guru Nanak College, Dhanbad | |
|---|---|
| Binod Bihari Mahto Koyalanchal University, Dhanbad | |
| Venue : Sister Nivedita University, Kolkata | |
| Date: 8th Jan - 12th Jan, 2025 | |
| List of selected students and accompanists for 38th AIU East Zone Inter University Youth Festival "UTSAV 2024-25" | |
| | **Name of Participant** |
| 1 | Boys |
| | 1. Rohit Kumar Rajak |
| | 2. Priyojit Modak |
| | 3. Praveen Kumar Yadav |
| | 4. Aquib Alam |
| | 5. Amaan Ali Khan |
| | 6. Md. Ahsan Qureen Hussain |
| | 7. Anjuman Gaurav |
| | 8. Ujjwal Kumar Mali |
| | 9. Mayank Tomar |
| | 10. Dhiraj Nonia |
| 2 | Girls |
| | 1. Shreya Pandey |
| | 2. Taniya Kumari |
| | 3. Jiya Sinha |
| | 4. Sana khan |
| | 5. Dipshikha Das |
| | 6. Srishti Goswami |
| | 7. Purnima Kumari |
| | 8. Amisha Kumari |
| | 9. Komal Kumari |
| | 10. Tanya Gupta |
| | 11. Riya Gupta |
| | 12. Sneha Kumari |
| | 13. Kriti Gupta |
| | 14. Archi Arya |

| | |
|---|---|
| | 15. Kumud  Kumari |
| | 16. Smrity Goswami |
| | 17. Pushpa Kumari |
| | 18. Ayushi Rani |
| | 19.Priyasha Pal |
| 3 | Name of Accompanist |
| | Aditya Kumar |
| | Shubhi Baweja |
| | Hitesh Srivastava |
| | Vijay Mirdha |
| | Manjoor Khan |
| | Ashwini Anand |
| | Bittu Wheeler |
| | Sagar Kumar |